SCAT NEWS
स्कैट समाचार

## ODISHA POLICE RAID CABLE PIRACY NETWORK

A police raid in Odisha has resulted in the seizure of equipment allegedly used to illegally retransmit JioStar television channels through a local cable network. Acting on the broadcaster's complaint, authorities registered an FIR, confiscated modulators, DTH set-top boxes and other equipment, and detained the accused for questioning. The action forms part of broader efforts to curb organised cable piracy and protect legitimate television distribution.

## केबल पायरेसी नेटवर्क पर ओडिशा पुलिस का छापा

ओडिशा में पुलिस की छापेमारी में ऐसे उपकरण जब्त किये गये हैं जिनका इस्तेमाल कथित तौर पर एक लोकल केबल नेटवर्क के जरिए जियोस्टार टेलीविजन चैनलों को गैर कानूनी रूप से फिर से प्रसारित करने के लिए किया जा रहा था। प्रसारक की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने एफआईआर दर्ज की, मॉड्यूलेटर, डीटीएच सेट टॉप बॉक्स और अन्य उपकरण जब्त किये और पूछताछ के लिए आरोपियों को हिरासत में लिया। यह कार्रवाई संगठित केबल पायरेसी रोकने और वैध टेलीविजन वितरण की सुरक्षा के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है।

## PRASAR BHARATI OPENS 101ST DD FREE DISH E-AUCTION


Prasar Bharati has announced the 101st mid-year e-auction for vacant MPEG-4 slots on DD Free Dish, covering the period from August 1, 2026, to March 31, 2027. Applications have been invited from eligible satellite television channels licensed by the Ministry of Information and Broadcasting, with online bidding scheduled to begin on July 23 under the broadcaster's 2025 e-auction methodology.


## डीडी फ्री डिश की 101वीं ई-नीलामी शुरू की प्रसार भारती ने

प्रसार भारती ने डीडी फ्रीडिश पर खाली एमपीईजी-4 स्लॉट के लिए 101वीं मिड-ईयर ई-नीलामी की घोषणा की है। यह नीलामी 1 अगस्त 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय से लाइसेंस प्राप्त योग्य सैटेलाइट टेलीविजन चैनलों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। प्रसारक की 2025 ई-नीलामी प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन बोली 23 जुलाई से शुरू होगी।

## DR SUBHASH CHANDRA ANNOUNCES RS.100-CRORE UNIVERSITY

Essel Group Chairman Dr Subhash Chandra has announced plans to establish a Rs.100-crore university in Agroha, Haryana, in memory of his late father, Shri Nand Kishore Goenka. The proposed institution will focus on higher education, research and skill development while reflecting Goenka's lifelong commitment to education, philanthropy and public service This state-of-the-art educational institution will be built on 32 acres of family-owned land located in Agroha, Hisar.■





## 100 करोड़ रु. की यूनिवर्सिटी बनाने की घोषणा की डॉ. सुभाष चंद्रा ने

एस्सेल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ.सुभाष चंद्रा ने हरियाणा के अग्रोहा में अपने स्वर्गीय पिता श्री नंद किशोर गोयनका की याद में 100 करोड़ रुपये की लागत से यूनिवर्सिटी बनाने की योजना की घोषणा की। यह प्रस्तावित संस्थान उच्च शिक्षा, रिसर्च और स्किल विकास पर ध्यान केंद्रित करेगा और साथ ही शिक्षा, परोपकार और जनसेवा के प्रति गोयनका जी के जीवनभर के समर्पण को भी दर्शाएगा। यह अत्याधुनिक शिक्षण संस्थान हिसार के अग्रोहा में परिवार की 32 एकड़ जमीन पर बनाया जायेगा।■